# कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ०प्र०, लखनऊ

संख्या-एम०ई०-3/2025/ लखनऊः दिनांक 08 जुलाई ,2025

**नीट पी०जी० 2021 (एम०डी०/एम०एस०) तथा नीट पी०जी० 2022 (डिप्लोमा) बैच के अभ्यर्थियों को अनिवार्य शासकीय सेवा बाण्ड के अन्तर्गत सीनियर रेजीडेण्ट के पद पर सेवायोजित किये जाने हेतु ऑनलाईन काउंसिलिंग की समय सारिणी**

शासनादेश संख्या-950/71-2-82/2017 दिनांक 07 मार्च 2018 (यथा संशोधित) तथा शासनादेश संख्या-I/864501/2025, दिनांक-29.01.2025 में निहित निर्देशों के क्रम में नीट पी०जी० 2021 (एम०डी०/एम०एस०) तथा नीट पी०जी० 2022 (डिप्लोमा) बैच के अभ्यर्थियों को उनकी नीट ऑल इण्डिया रैंक के आधार पर सीनियर रेजीडेण्ट के पद पर सेवायोजित किये जाने हेतु ऑनलाईन काउंसिलिंग की समय-सारणी निम्नवत् हैः-

| क्र.सं. | विवरण | तिथि | कुल दिवस |
|---|---|---|---|
| 1. | आनलाईन पंजीकरण की तिथि | दिनांक 09 जुलाई 2025 (अपराह्न 2:00 बजे) से दिनांक 15 जुलाई 2025 (अपराह्न 2:00 बजे) तक | 06 दिवस |
| 2. | ऑन लाइन अभिलेखो के सत्यापन की तिथि | दिनांक 09 जुलाई 2025 (अपराह्न 2:00 बजे) से दिनांक 15 जुलाई 2025 (अपराह्न 5:00 बजे) तक | 07 दिवस |
| 3. | पंजीकृत अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट का प्रकाशन | दिनांक 16 जुलाई 2025 | 01 दिवस |
| 4. | ऑनलाइन च्याइस फिलिंग की तिथि | दिनांक 17 जुलाई 2025 (पूर्वाह्न 11:00 बजे ) से दिनांक 21 जुलाई 2025 (पूर्वाह्न 11:00 बजे ) तक | 04 दिवस |
| 5. | सीट आंवटन का परिणाम घोषित करने की तिथि | दिनांक 22 जुलाई 2025 | 01 दिवस |
| 6. | आवंटन पत्र डाउनलोड करने तथा आवंटित कालेज में योगदान आख्या प्रस्तुत करने की तिथि | दिनांक 23 जुलाई 2025 से दिनांक 26 जुलाई 2025 तथा दिनांक 28 जुलाई 2025 से दिनांक 30 जुलाई 2025 | 07 दिवस |

- ऑनलाईन काउंसिलिंग हेतु सर्वप्रथम अभ्यर्थियों को वेबसाईट **dgmeonlineposting.upsdc.gov.in** पर log-in करते हुए अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
- नीट पी०जी० 2021 (एम०डी०/एम०एस०) तथा नीट पी०जी० 2022 (डिप्लोमा) बैच के समस्त अर्ह अभ्यर्थियों (पी०एम०एच०एस० संवर्ग के अभ्यर्थियों को छोडकर) को पंजीकरण कराते हुए काउंसिलिंग में प्रतिभाग करना अनिवार्य है।
- काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने वाले समस्त अर्ह अभ्यर्थियों को अपनी प्राथमिकता (Priority) के अनुसार समस्त विकल्प भरना अनिवार्य है। यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा समस्त विकल्प नहीं भरे जाते है तथा उनके द्वारा दिये गये सीमित विकल्पों के आधार पर आवंटन प्राप्त नहीं होता है, तो ऐसे अभ्यर्थियों को जनहित में प्रदेश के किसी भी मेडिकल कालेज/ संस्थान/चिकित्सा विश्वविद्यालय में तैनात कर दिया जायेगा।
- पल्मोनरी एण्ड किटिकल केयर मेडिसिन विभाग, के०जी०एम०यू०, लखनऊ में सीनियर रेजीडेण्ट की रिक्त सीटों पर जनरल मेडिसिन एवं रेस्पिटरेटरी मेडिसिन विशिष्टता के अभ्यर्थियों को उनके द्वारा दिये गये विकल्प के आधार पर आवंटन प्रदान किया जायेगा।
- किटिकल केयर मेडिसिन विभाग, के०जी०एम०यू०, लखनऊ में सीनियर रेजीडेण्ट की रिक्त सीटों पर जनरल मेडिसिन, रेस्पिटरेटरी मेडिसिन, एनेस्थीसियोलाजी, पीडियाट्रिक्स एवं इमरजेन्सी मेडिसिन विशिष्टता के अभ्यर्थियों को उनके द्वारा दिये गये विकल्प के आधार पर आवंटन प्रदान किया जायेगा।

➢ अद्यतन सूचनाओं हेतु वेबसाइट **www.dgme.up.gov.in** एवं **dgmeonlineposting.upsdc.gov.in** का निरन्तर अवलोकन करते रहें।

**Help Line Number: 8189011696, 8189011697, 8189011698, 8189011699, 8189011700**

कृते महानिदेशक।

संख्याः एम०ई०-3/2025/ 1473 तदिनांक /

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-चार।
2. समस्त सदस्य काउंसिलिंग बोर्ड।
3. निदेशक, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एन०आई०सी०), योजना भवन, लखनऊ / यू०पी०एस०डी०सी०, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की उक्त समय सारणी वेबसाइट **dgmeonlineposting.upsdc.gov.in** पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
4. कुलसचिव, के०जी०एम०यू०/यू०पी०यू०एम०एस०, सैफई/निदेशक, एस०जी०पी०जी०आई लखनऊ/डा० राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ/मानसिक स्वास्थ्य केन्द्र, आगरा/राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा/पी०जी०आई०सी०एच०, नोएडा /सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान, लखनऊ/ प्रधानाचार्य समस्त राजकीय/स्वशासी मेडिकल कालेज, उ०प्र० को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को नोटिस बोर्ड एवं कालेज की बेवसाईट पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करे।
5. शिविर सहायक, महानिदेशक कैम्प, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, लखनऊ, उ०प्र० ।

कृते महानिदेशक।